जीवन को बचाने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन

नई दिल्ली। अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन ने लीवर रोग प्रबंधन के लिए दैनिक क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से अपनी कॉपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत सफदरजंग अस्पताल को उन्नत फाइब्रोस्कैन मशीन प्रदान की है। औपचारिक हैंडओवर समारोह अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के कार्यक्रम निदेशक डॉ. उल्लास वासवे और सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सफदरजंग अस्पताल में आयोजित किया गया। फाइब्रोस्कैन, लीवर फाइब्रोसिस और स्टेटोसिस का आकलन करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक गैर-इनवेसिव तकनीक है, जो इनवेसिव बायोप्सी की आवश्यकता के बिना लीवर की स्थितियों का निदान और निगरानी करने की अस्पताल की क्षमता में काफी सुधार करेगी। इस योगदान से हर साल भारत के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक में इलाज कराने वाले हजारों रोगियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। समारोह के दौरान डॉ. उल्लास वासवे ने कहा, 'यह योगदान पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' 'फाइब्रोस्कैन जैसे उन्नत नैदानिक उपकरणों तक पहुँच प्रदान करके, हमारा उद्देश्य यकृत रोगों का शीघ्र पता लगाना और बेहतर प्रबंधन करना है।' डॉ. संदीप बंसल ने योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'यह तकनीक यकृत रोग निदान के लिए हमारे दृष्टिकोण को बदल देगी और हमारी चिकित्सा टीमों को रोगियों को अधिक सटीक, समय पर और गैर-आक्रामक देखभाल प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। हम उनके उदार समर्थन के लिए अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन को धन्यवाद देते हैं।' अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन और सफदरजंग अस्पताल के बीच साझेदारी गैर-लाभकारी संगठनों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के बीच महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रभावी सहयोग का उदाहरण है। हैंडओवर समारोह में सभी अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. प्रदीप देबता एचओडी बाल रोग विभाग, संकाय, सीएसआर समिति के सदस्य और अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के सदस्य शामिल हुए।

अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के बारे में: अमेरीकेयर्स इंडिया फाउंडेशन गरीबी या आपदा से प्रभावित लोगों के जीवन को बचाने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। अपने विभिन्न कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से, फाउंडेशन पूरे भारत में वंचित समुदायों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा संसाधन उपलब्ध कराने के लिए काम करता है।

महाकुंभ में भक्त शिरोमणि यजमान पेरिका सुरेश द्वारा शिव पुराण, महाकुंभ महात्म, एवं रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन

भक्त शिरोमणि पेरिका सुरेश प्रयागराज में 144 वर्ष बाद आयोजित दुर्लभ अलौकिक महाकुंभ में 45 दिनों तक आगंतुको की सेवा एवं भोजन के प्रबंध में निस्वार्थ भाव से लग रहे। महाकुंभ के समापन अवसर पर यजमान एवं आयोजनकर्ता के रूप में श्री सुरेश ने शिव पुराण कथा वाचन का आयोजन किया, जिसमें जगत गुरु शंकराचार्य के मुख से भक्तजनों ने शिव पुराण कथा का रसपान किया। तदउपरांत दांडी परंपरा के वाहक एवं मत मछली बंदर अस्सी घाट वाराणसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विमल देव महाराज ने महाकुंभ महात्म की कथा भक्त जनों को श्रवण कराया। श्री आनंद ब्रह्मचारी जी महाराज द्वारा रुद्राभिषेक पूजन किया गया। डॉक्टर अभिषेक सबील आचार्य द्वारा रूद्रम नमाकाम प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर दांडी स्वामी महाराज आनंद स्वामी जोशी जी भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त 1008 महाकुंभ पीठाधीश्वर एवं 540 अखाड़ा के नागा संतो एवं 270 मठाधीश्वर ने भी इस भव्य भागवत आयोजन पर अपनी कृपा पूर्ण उपस्थित से सभी भक्तजनों को कृतार्थ किया। सनातन धर्म अनुरागी परिका सुरेश ने 10 हजार साधु संतों को कंबल वितरित किए वहीं महाकुंभ के दौरान प्रत्येक दिन 2000 भक्त जनों के भोजन की व्यवस्था की। श्री सुरेश ने अपने इस पूण्य कर्म से साधु संतों का कृपा पूर्ण आशीर्वाद लिया तथा सनातन के उत्थान के लिए अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी देकर सभी दिलों में यादगार बन गए।

संक्षिप्त समाचार

नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की दिल्ली विधानसभा में उठी मांग

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ करने की मांग शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक नीलम पहलवान ने उठा दी। विधायक नीलम ने कहा कि 1857 के विद्रोह के दौरान, राजा नाहर सिंह ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली के क्षेत्र में शामिल कर लिया। उनकी मांग पर साथी विधायकों ने अपना समर्थन भी दिखाया। दिल्ली में बीजेपी नेताओं के बीच इलाकों का नाम बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल करने के बाद, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह बिष्ट ने घोषणा की कि आधिकारिक तौर पर पदभार संभालने के बाद वे मुस्तफाबाद का नाम बदलकर शिव पुरी या शिव विहार कर दूंगा। मैंने यह पहले भी कहा है। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि राजनीतिक दल मुस्तफाबाद नाम बरकरार रखने पर क्यों अड़े हुए हैं। मुख्य रूप से हिंदू आबादी वाले क्षेत्र का नाम शिव पुरी या शिव विहार क्यों नहीं रख सकते ? लोग मुस्तफा नाम से परेशान हैं और इस नाम को बदलना चाहते हैं, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ऐसा हो।

वहीं, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) आतिशी ने गुरुवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों को सदन की कार्यवाही से तीन दिनों के लिए निलंबित करने के बाद उन्हें परिसर में प्रवेश करने से रोका जा रहा है। आतिशी ने कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) वालों ने सरकार में आते ही 'तानाशाही की हदें पार कर दी।'

पुराने दिनों को यादकर सदन में भावुक हुए मोहन बिष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर चुने गए मोहन सिंह बिष्ट ने सदन में कहा कि नम्रता और विनम्रता हमारे गहने हैं। मैं सीएम का आभारी हूं कि उन्होंने उपाध्यक्ष पद के लिए मेरे नाम का अनुमोदन किया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि कंधे से कंधा मिलाकर दिल्ली को आगे बढ़ाने में मदद करूंगा। 6 बार के विधायक मोहन सिंह बिष्ट दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर चुने गए हैं। इस बार मुस्तफाबाद सीट से जीत दर्ज कर वो विधानसभा पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मोहन सिंह बिष्ट के नाम का डिप्टी स्पीकर पद के लिए अनुमोदन किया। डिप्टी स्पीकर ने सदन में बोलते हुए पुराने दिनों को याद किया। इस दौरान वो भावुक भी हो गए। मोहन सिंह बिष्ट ने सदन में कहा कि नम्रता और विनम्रता हमारे गहने हैं। मैं सीएम का आभारी हूं कि उन्होंने उपाध्यक्ष पद के लिए मेरे नाम का अनुमोदन किया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कंधे से कंधा मिलाकर दिल्ली को आगे बढ़ाने में मदद करूंगा। अपने साथियों का भी आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि नियमों के साथ आगे बढ़ना और सभी सदस्यों की हितों की रक्षा करना मेरा कर्तव्य होगा। इससे पहले दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, कैग की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश होने से रोकने के लिए आप-दा सरकार ने हर संभव कोशिश की, अगर कैग की रिपोर्ट को संक्षेप में कहा जाए तो 'झाड़ू वाला ही दारू वाला है'। संगम विहार सीट से विधायक चंदन कुमार चौधरी ने भी आम आदमी पार्टी पर हमला बोला।

प्रयागराज में महाकुंभ की सफलता पीएम मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल

महाकुंभ के समापन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी प्रतिक्रिया

प्रयागराज,, एजेंसी। महाकुंभ का औपचारिक समापन होने के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहली प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था इसके बाद सीएम योगी ने लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि एकता, समता, समरसता का महायज्ञ महाकुम्भ-2025, भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर संपन्न हो गया है। योगी ने लिखा कि विगत 45 दिनों में साधु-संतों समेत 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं। सकल विश्व को सभी जन एक हैं का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव वसुधैव कुटुंबकम के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है। आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा प्रदान करती हैं, हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!

सीएम योगी ने कहा कि पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धमार्चार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश-विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं और कल्पवासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों और महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद। विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया है।

पूर्व गवर्नर रघुराम ने भारतीय अर्थव्यस्था को बताया बेहतर खामियां भी बताई

नई दिल्ली, एजेंसी। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारत की बेहतर होती अर्थव्यवस्था की जमकर तारीफ की है। साथ ही ये भी कहा कि विकास दर अपनी क्षमता से कम है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि दिसंबर तिमाही में विकास दर 6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक रहेगी। यह जुलाई-सितंबर तिमाही के 5.4 प्रतिशत से बेहतर है। लेकिन राजन के मुताबिक, यह नौकरियों के लिए पर्याप्त नहीं है। वह शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर हैं।

राजन ने कहा, भारत कई क्षेत्रों में टैरिफ कम कर सकता है, जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह विकास के लिए बुरा नहीं होगा। कारण है कि इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और उद्योग को फायदा होगा। भारत को नौकरियां पैदा करने के लिए और तेजी से विकास करना होगा। राजन का मानना है कि कौशल विकास जरूरी है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। अमेरिका के साथ व्यापार विवाद पर राजन ने बातचीत का समर्थन किया। उन्होंने तेल और रक्षा खरीद बढ़ाने की बात कही।

राजन ने कहा कि भारत पिछले 25 सालों से लगभग 6 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। यह काफी अच्छा है, लेकिन चीन की तुलना में कम है। उन्होंने कहा, भारत को दो फांसदी और विकास की जरूरत है। इससे नए लोगों को रोजगार मिल सकेगा। भारत शुक्रवार को अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के जीडीपी आंकड़े जारी करेगा। कुछ हफ्ते पहले ही आरबीआई के नए गवर्नर ने अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की थी। यह लगभग पांच साल में पहली बार हुआ था।

पूर्व सैनिकों के लिए कल लगेगा रक्षा मंत्रालय का रोजगार मेला

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व सैनिक के लिए बेहद खुश करने वाली खबर है। अगले रोजगार मेले की अपडेट का इंतजार कर रहे उम्मीदवारों के लिए राहत है। रक्षा मंत्रालय के द्वारा कल यानी 28 फरवरी को जॉब फेयर आयोजित होने वाला है। ऐसे में सेना में नौकरी करने के बाद जो भूतपूर्व सैनिक अच्छी जॉब ढूंढ रहे हैं, उनके लिए यह बेहतरीन मौका है। यह जॉब फेयर पुणे में लगेगा। जिसके लिए पुनर्वास महानिदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

इस मेले में शीर्ष पीएसयू/निजी (नियोक्ताओं) के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श के जरिए पूर्व सैनिक नौकरी ले सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से परेशानी मुक्त रहेगी। जहां अभ्यर्थियों को नौकरी के अनेक अवसरों तक निशुल्क और सीधी पहुंच मिलेगी। इस मेले में निवृत्ता पुनर्वास महानिदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करके अपनी कंपनी के लिए स्टॉल भी बुक कर सकते हैं। नियोक्ताओं के द्वारा विभिन्न पदों पर भूत पूर्व सैनिकों को जॉब ऑफर की जाएगी। जिसकी सैलरी भी कंपनी द्वारा निर्धारित होगी।

रोजगार मेले की तारीख- 28 फरवरी 2025

रजिस्ट्रेशन टाइमिंग- सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक

स्थान- वायु सेना स्टेशन, विमान नगर गेट, पुणे- 411014

मैं जन्मजात से कांग्रेसी हूं, कांग्रेस दफ्तर मेरा मंदिर है, बीजेपी में जाने की खबरें बकवास

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सियासी अफवाहों पर लगाया ब्रेक

बेंगलुरु,, एजेंसी। कांग्रेस का दफ्तर मेरा मंदिर है। मैं जन्मजात से कांग्रेसी हूं...मेरी व्यक्तिगत मान्यताएं नहीं बदली हैं। मैं हिंदू ही पैदा हुआ और हिंदू ही मरूंगा। यह कहना है कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का।

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु दिल्ली से लेकर बेंगलुरु तक चल रहे सियासी अफवाहों पर ब्रेक लगाने की कोशिश की। ये अफवाहें जैसे कि डीके शिवकुमार कर्नाटक का सीएम बनने के लिए आलाकमान पर दबाव डाल रहे हैं, बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं आदि। इस दौरान शिवकुमार ने महाकुंभ को लेकर कहा कि सदुरु जग्गी वासुदेव के आश्रम की यात्रा और हिंदुत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वे जन्मजात कांग्रेसी हैं और बीजेपी के करीब होने की खबरें बकवास और बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि मैं एक कांग्रेसी के रूप में पैदा हुआ हूं मेरी व्यक्तिगत मान्यताएं वही हैं, लेकिन एक गलत कहानी फैलाई जा रही है कि मैं बीजेपी के करीब जा रहा हूं। शिवकुमार ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उन्होंने एआईसीसी महासचिव के सी वेणुगोपाल से अनुरोध किया है कि वे उन्हें केपीसीसी अध्यक्ष पद पर बने रहने दें। उन्होंने कहा कि यह झूठ है, ये मनगढ़ंत खबरें हैं। ऐसी कई कहानियां गढ़ी जा रही हैं।

धार्मिक हस्तियों के साथ अपने जुड़ाव को लेकर उठे विवाद का जिक्र करते हुए डीके ने कहा कि सदुरु मेरे घर आए और मुझे ईशा फाउंडेशन के कार्यक्रम में आमंत्रित किया। वह मैसूर से हैं और मैं उनकी बुद्धिमत्ता का सम्मान करता हूं। पिछले साल मेरी बेटी उनके कार्यक्रम में शामिल हुई थी। इस बार उन्होंने मुझे और मेरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया है। इस वजह से सोशल मीडिया पर झूठे दावे किए जा रहे हैं कि मेरा झुकाव बीजेपी की ओर है।

महाकुंभ मेले और ईशा फाउंडेशन को शिवकुमार ने कहा कि मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ था और हिंदू के रूप में ही मरूंगा। मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। मैं दरगाह और चर्च भी जाता हूं। हर समुदाय मुझे गले लगाता है। महाकुंभ को लेकर उन्होंने कहा कि यह अविश्वसनीय था। इतनी बड़ी भीड़ को संभालना आसान काम नहीं है। कुछ छोटी-मोटी असुविधाएं तो होंगी ही, लेकिन मैं यहां खामियां निकालने नहीं आया हूं। आस्था के मामले में, यह भगवान के साथ एक भक्त के रिश्ते की बात है, कुछ लोग सीधे जुड़ते हैं, जबकि अन्य पुजारियों के माध्यम से जुड़ते हैं।

भारतीय रेलवे सर्विसेज के प्रशिक्षण के पश्चात राष्ट्रपति से मिली सोनालिका रुचंदानी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय लेखा सेवा एवं भारतीय रेलवे सुरक्षा बल सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के महान राष्ट्रीय प्रयास में आप सब की महत्वपूर्ण भूमिका है राष्ट्रपति ने उन्हें भारतीय संविधान के प्रावधानों को ध्यान में रखने की सलाह दी उन्होंने कहा कि यह भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संपूर्ण संस्था का आधार है।

मोदी सरकार के विजन से देश 2047 में समृद्ध और विकसित होगा - सोनालिका

सिविल सर्विसेज परीक्षा के माध्यम से भारतीय रेल प्रबंधन सेवा में चयनित होने वाली शहर की होनहार छात्र सोनालिका रुचंदानी ने बताया कि प्रशिक्षण में सभी युवा प्रशिक्षु में देश की सेवा करने का जज्बा पैदा करने हेतु एवं देश को 2047 में समृद्ध और विकसित भारत बनाने के लिए निष्ठा और समर्पण का संकल्प दिलाया गया। सोनालिका ने बताया कि हमने प्रशिक्षण में रेलवे परिचालन के साथ- साथ वाणिज्य से संबंधित तकनीकी कार्यों, प्रशासनिक कर्तव्यों एवं नेतृत्व कौशल को तराशने का अवसर मिला, साथ ही हमने प्रशिक्षण के दौरान जाना की रेलवे की सभी शाखाएं आपसी समन्वय से विकास के पहियों को तेज गति से चलाने में अपनी भूमिका निभाती हैं, हमने जमीनी स्तर पर होने वाले कार्यों को भी समझा और सभी युवाओं को राष्ट्रपति के मिले मार्गदर्शन से उत्साह और गौरव का संचार हुआ।

2047 का मोदी सरकार का विजन स्पष्ट है

सोनालिका ने बताया कि मोदी सरकार के 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का ब्लूप्रिंट तैयार हो चुका है जिसके तहत ही सिविल सेवा सर्विसेज के तीनों स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण में योजनाबद्ध ढंग से देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी युवा अधिकारियों को सत्यनिष्ठा, दक्षता और न्याय जैसे मूल्यों को समझा कर उत्तरदायित्व अधिकारी बनने के लिए तैयार किया गया।

डीयू के माता सुंदरी कॉलेज ने बड़ी धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव 'सारंग 25'

दिल्ली विश्वविद्यालय के माता सुंदरी कॉलेज ने 24-25 फरवरी, 2025 को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'सारंग 25' का आयोजन किया।इस भव्य उत्सव ने दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग कॉलेजों के विद्यार्थियों सहभागिता की, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बौद्धिकसंवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति का एक समृद्ध वातावरण तैयार हुआ।इस वर्ष के उत्सव में पर्यावरण-स्थिरता की थीम को अपनाया गया, जोपर्यावरण संरक्षण के साथ कलात्मक उत्कृष्टता के संयोजन के लिएकॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के बाद गुरुवाणी से हुई।अपने उद्घाटन भाषण में माता सुंदरी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. हरप्रीत कौरने सतत विकास के साथ-साथ संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर जोरदिया। उत्सव में छात्रों, संकाय सदस्यों, मेहमानों और डी.एस.जी.एम. सीओ और गवर्निंग बॉडी के गणमान्य व्यक्तियों सहित विविध और उत्साहीदर्शकों ने भाग लिया, जिनमें सरदार पृथ्वीपाल सिंह, सरदार कुलबीर सिंह, सरदार रवैल सिंह, सरदार सतनाम सिंह और सरदार राजिंदर सिंह शामिलथे।

इन दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजनकिया गया, जहाँ प्रतिभागियों को वाद-विवाद, गुरु नानक पेपर रीडिंग, कविता पाठ और संस्कृत श्लोकवृत्ति और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया तो वहीं थिरक(शास्त्रीय, लोक और पश्चिमी नृत्य), महफिल-ए-गजल, सुर सरिता(शास्त्रीय और सूफी संगीत), ख्वाबीदा (मंच नाटक) और नुक्कड़ नाटकजैसी स्पधार्एं सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। रचनात्मक दिमागों ने एड-ओ-मेनिया, बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं में अपनी कला के जौहर दिखाए, तो तकनीकी उत्साही लोगों ने कोड-ए-थॉन और ब्रेन टीजर क्विज प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

सारंग 25 का मुख्य आकर्षण दिल्ली विश्वविद्यालय की पहलीहाइड्रोपोनिक प्रणाली की शुरूआत थी, जो टिकाऊ कृषि की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम था। पोषक तत्व फिल्म तकनीक (एनएफटी) मॉडल काप्रदर्शन किया गया, जिसमें दिखाया गया कि पोषक तत्वों से भरपूर जलप्रणाली का उपयोग करके पौधों को मिट्टी के बिना कैसे उगाया जा सकताहै। उत्सव का समापन एक शानदार ग्रैंड फिनाले में हुआ, जिसमें गायककमाल खान की मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों कोमंत्रमुग्ध कर दिया।

'सारंग 25' का सफल आयोजन प्राचार्य प्रो. हरप्रीत कौर के दूरदर्शीनेतृत्व, डॉ. सिम्मी कपूर मेहता एवं आयोजन समिति के अथक प्रयासोंऔर विद्यार्थी परिषद, संकाय सदस्यों और छात्राओं की दिन-रात की कड़ीमेहनत से ही संभव हो पाया।

निश्चित रूप से अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ, 'सारंग2025' ने कलात्मक प्रतिभा और सतत नवाचार की अपनी विरासत कोजारी रखते हुए, अगले साल और भी बड़े और अधिक प्रभावशालीसंस्करण के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रस्तुत की है।